— दैनिक समाचार पत्र —

# सुमन पत्रिका

वर्ष: 03 | अंक:150 | मूल्य: 2.00 रुपए | बुधवार 03 जून 2026 | पृष्ठ: 4

## सीबीएसई के नए चेयरमैन की घोषणा

### लोखंडे प्रशांत सीताराम बने सीएबीएसई के नए चेयरमैन

नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मंगलवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए बोर्ड के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है, जब बोर्ड की नई डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे। सरकार ने लोखंडे प्रशांत सीताराम को सीबीएसई का नया चेयरमैन नियुक्त किया है। अब वही बोर्ड की जिम्मेदारी संभालेंगे।

#### कौन हैं लोखंडे प्रशांत सीताराम?

लोखंडे प्रशांत सीताराम अभी गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर काम कर रहे हैं। आपको बता दें कि ये लोखंडे प्रशांत सीताराम ने बीई मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। लोखंडे प्रशांत महाराष्ट्र के रहने वाले और आईएएस हैं।




#### ऑन-स्क्रीन मार्किंग से बढ़ा था विवाद

दरअसल, इस साल कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम लागू किया गया था। इस व्यवस्था के तहत छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन करके डिजिटल तरीके से जांचा गया। शुरुआत में इसे पारदर्शिता और तेजी बढ़ाने वाला कदम बताया गया था, लेकिन बाद में कई छात्रों और अभिभावकों ने इसकी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। कुछ छात्रों का दावा था कि बोर्ड की वेबसाइट पर जो स्कैन कॉपियां अपलोड की गईं, उनकी लिखावट उनकी असली हैंडराइटिंग से मेल नहीं खा रही थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे ने तेजी पकड़ ली। छात्रों और अभिभावकों ने आशंका जताई कि कहीं उत्तर पुस्तिकाओं के मिलान में गड़बड़ी तो नहीं हुई। केवल कॉपियों के मिलान का मामला ही नहीं, बल्कि कई तकनीकी समस्याओं की शिकायतें भी सामने आईं। शिक्षकों को भुगतान में देरी, सिस्टम के बार-बार फेल होने और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया में लंबा समय लगने को लेकर भी नाराजगी बढ़ती गई।

## आंधी-बारिश ने दिलाई गर्मी से मिली राहत!

जयपुर।

राजस्थान के लोगों को इस हफ्ते भीषण गर्मी से राहत मिलने वाली है. मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से पूरे राज्य में बारिश और गरज-चमक के साथ आंधी चलने की संभावना है. इससे अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के नीचे रहेगा और हीटवेव की स्थिति काफी हद तक कम हो जाएगी. जयपुर मौसम केंद्र के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि अगले एक हफ्ते तक राज्य के विभिन्न इलाकों में गरज के साथ बारिश का सिलसिला जारी रहेगा.



3-4 जून के आसपास एक और पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होने वाला है, जिससे बीकानेर, जयपुर, भरतपुर और अजमेर संभागों में बारिश और आंधी की गतिविधियां और बढ़ जाएंगी. इस दौरान कुछ जगहों पर 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं. इन मौसमी बदलाव के कारण राज्य के ज्यादातर हिस्सों में दिन का तापमान 45 डिग्री के नीचे बना रहेगा, जिससे लोगों को गर्मी और लू से काफी राहत मिलेगी.

#### कई जगहों पर हुई अच्छी बरसात

पिछले 24 घंटों में राज्य के कई इलाकों में हल्की से भारी बारिश दर्ज की गई है. टोंक जिले के मालपुरा में सबसे ज्यादा 72 मिलीमीटर बारिश हुई. वहीं, सबसे ज्यादा तापमान फलोदी में 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि आंधी और तेज हवाओं के दौरान सतर्क रहें.

बता दें कि बारिश का यह दौर खरीफ फसलों की बुवाई के लिए भी फायदेमंद साबित हो सकता है. किसानों को इस मौके का फायदा उठाते हुए खेतों की तैयारी पूरी कर लेनी चाहिए. मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव लगातार बना रहेगा, इसलिए पूरे हफ्ते हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ जगहों पर तेज बारिश देखने को मिल सकती हैं.

## लेबनान पर इजराइली हमले से ट्रम्प नाराज

### नेतन्याहू को फोन कर फटकार लगाई, कहा- पागल हो गए हो क्या, तुरंत ये सब रोको

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।

ट्रम्प ने सोमवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात करते हुए लेबनान में इजराइली सैन्य कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जताई। एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने गुस्से में नेतन्याहू को 'पागल' कह दिया और उन पर एहसान न मानने का आरोप लगाया। रिपोर्ट के अनुसार, लेबनान पर हमले के बाद ईरान ने सोमवार को चेतावनी दी थी कि अगर इजराइली कार्रवाई जारी रही तो वह अमेरिका के साथ चल रही बातचीत छोड़ सकता है। इससे नाराज ट्रम्प ने नेतन्याहू को फोन किया।

सूत्रों के मुताबिक, ट्रम्प ने गुस्से में कहा- तुम पागल हो गए हो क्या आखिर तुम कर क्या रहे हो। मेरा एहसान मानो। अगर मैं नहीं होता तो तुम जेल में होते। मैं तुम्हें बचा रहा हूं। लेकिन अब हर कोई तुमसे नाराज है। हर कोई इजराइल से भी नाराज है।

अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ट्रम्प खास तौर पर इस बात से परेशान थे कि लेबनान में बड़ी संख्या में आम नागरिक मारे जा रहे हैं और एक हिजबुल्लाह कमांडर को निशाना बनाने के लिए पूरी इमारतें गिराई जा रही हैं।



#### पिछले 24 घंटे के 5 बड़े अपडेट्स...

1. कुवैत में अमेरिकी ठिकाने पर हमला: ईरान ने कुवैत में तैनात अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाकर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं जिसे हवा में ही रोक लिया गया। ईरान ने कहा कि उसे जवाबी कार्रवाई का अधिकार है।
2. अमेरिका-ईरान की बातचीत फिर शुरू: अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत फिर से पटरी पर लौटती दिख रही है। ष्टह्नह्न के मुताबिक दोनों देशों के बीच संपर्क और बातचीत दोबारा आगे बढ़ रही है।
3. लेबनान पर हमले से ईरान नाराज: ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका के साथ सीजफायर की शर्तों में लेबनान शामिल है। उस पर हमला पूरे समझौते का उल्लंघन माना जाएगा।
4. ईरान के द्वीपों पर अमेरिकी हमला: अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि उसने ईरान के गोरुक शहर और केशम द्वीप पर आत्मरक्षा में हमले किए है। इसे पिछले हफ्ते केशम द्वीप के ऊपर गिराए गए अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन का जवाब बताया जा रहा है।
5. ईरान डील में परमाणु मुद्दों का साफ जिक्र: ट्रम्प ने कहा कि उनके प्रस्तावित ईरान समझौते में परमाणु मुद्दों का साफ और विस्तार से जिक्र किया गया है। इससे पहले कई रिपोर्ट्स में कहा गया था कि परमाणु मुद्दों को लेकर दोनों देश बाद में बातचीत करेंगे।

## कार खाई में गिरी, एम्स के डॉक्टर समेत 4 की मौत

### मरने वालों में मां-भांजी भी शामिल, 3 लापता, 1 घायल; जैसलमेर से घूमने उत्तराखंड गए थे



जैसलमेर।

जैसलमेर से उत्तराखंड गए पर्यटकों की इनोवा कार बेकाबू होकर टिहरी में 200 मीटर नीचे अलकनंदा नदी में गिर गई। हादसे में डॉक्टर समेत 4 लोगों की मौत हो गई। एक बच्चे की हालत गंभीर है।

उसे श्रीनगर बेस हॉस्पिटल लेकर गए। वहां से ऋषिकेश एम्स रेफर कर दिया गया। हादसा मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे देवप्रयाग के साकनीधार स्थित गंगा दर्शन होटल के पास हुआ।

हादसे में जैसलमेर के दरिया नाथ बावड़ी निवासी डॉक्टर दिनेश कुमार माली (27), उनकी मां कमला देवी (67), भांजी जाह्नवी (18) और ड्राइवर अखिलेश की मौत हो गई। आयुष्मान (12) गंभीर घायल है। गुड्डी देवी (40), उसकी बेटी नर्मदा (20) और अश्लेषा (16) लापता हैं। उन्हें ढूंढने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

गुड्डी देवी, दिनेश की बड़ी बहन है। आयुष्मान, गुड्डी देवी का बेटा है। वहीं जाह्नवी, गुड्डी देवी की बेटी थी। दिनेश एक साल से दिल्ली एम्स में पोस्टेड थे। यह परिवार चारधाम की यात्रा पर गया था। हादसे का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है।

#### बेकाबू होकर कार नदी में गिरी

हरिद्वार की ओर जा रही इनोवा कार अचानक बेकाबू हो गई। सड़क से फिसलकर करीब 200 मीटर नीचे सीधे अलकनंदा नदी में गिर गई। हादसे की सूचना मिलते ही देवप्रयाग कोतवाली पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। रेस्क्यू के लिए एसडीआरएफ की व्यासी, श्रीनगर और ढालवाला इकाई की टीमों को तैनात किया गया। एसडीआरएफ की टीमों ने नदी के तेज बहाव और गहरी खाई के बीच रेस्क्यू शुरू किया। रेस्क्यू अभियान के दौरान पहले दिनेश, कमला और अखिलेश के शव बरामद किए गए थे। इसके बाद एसडीआरएफ ने नदी में सर्च ऑपरेशन जारी रखा। हादसे के करीब 8 घंटे बाद जाह्नवी का शव बरामद कर लिया। एसडीआरएफ की टीमें और गोताखोर लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं।

## ममता बोलीं- पुलिस टीएमसी कार्यकर्ताओं को धमकी दे रही

### लेकिन मैं विरोध करती रहूंगी, लड़ूंगी या मर जाऊंगी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी मंगलवार को सेंट्रल कोलकाता में अपना दिन भर का धरना दे रही हैं। ये धरना उनके भतीजे और सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले, चुनाव के बाद हिंसा और फेरीवालों को हटाने के विरोध में हो रहा है। धरना स्थल पर बनर्जी ने कहा- हमें मंच बनाने और माइक्रोफोन इस्तेमाल करने की परमिशन नहीं दी गई। पुलिस टीएमसी वर्कर्स को प्रदर्शनों में हिस्सा न लेने की धमकी दे रही है लेकिन मैं विरोध करती रहूंगी। मैं इस मुश्किल समय में टीएमसी वर्कर्स को नहीं छोड़ूंगी। मैं लड़ूंगी या मर जाऊंगी। मैं तब तक नहीं मरूंगी जब तक आपको सत्ता से हटा नहीं देती। विपक्ष का नेता चुनने के लिए टीएमसी विधायकों के साइन पर हुए विवाद में ममता ने कहा कि बीजेपी गंदा खेल खेल रही है। अगर विधानसभा अध्यक्ष को साइन के असली होने पर यकीन नहीं है तो टीएमसी विधायकों के साइन का फोरेंसिक टेस्ट कराना चाहिए। कोलकाता पुलिस से परमिशन न मिलने के कारण आखिरी वक्त में वेन्यू बदल दिया गया। कोलकाता पुलिस से रानी रश्मोनी रोड पर विरोध प्रदर्शन की परमिशन नहीं मिलने के बाद ममता एस्प्लेनेड (धर्मतला) के ड्ड-चैनल बस स्टॉप पर धरना देने पहुंचीं।



#### ममता की स्पीच की 5 बड़ी बातें :

बंगाल चुनाव जीतने के लिए बीजेपी ने 294 विधानसभा सीटों में से 177 पर काउंटिंग में धांधली की। मुझे अफसोस है कि जिन लोगों को अपनी जिंदगी में मेरा साथ मिला, वे अब गद्दारों के साथ हो गए हैं। बिना रिहैबिलिटेशन के फेरीवालों को हटाना टीएमसी सरकार की पॉलिसी नहीं थी, हमने इंसानियत का नजरिया अपनाया। देशभर में अपने एक्शन के बारे में फैसला करने के लिए बीजेपी विरोधी पार्टियां दिल्ली में मिलेंगी। अगर दूसरी पार्टियों को उस जगह पर पॉलिटिकल इवेंट करने की परमिशन दी गई, जहां हमें प्रोटेस्ट करने की इजाजत नहीं दी गई, तो टीएमसी कोर्ट जाएगी।

## मुख्य सचिव ने ली कंप्लायंस रिडक्शन एंड डी-रेगुलेशन फेज-2 की समीक्षा बैठक

### संबंधित विभागों 20 जून तक कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

जयपुर।

मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने मंगलवार को सचिवालय में 'कंप्लायंस रिडक्शन एंड डी-रेगुलेशन फेज-2' की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, राजस्व, वन एवं पर्यावरण, शहरी विकास, श्रम, विधिक माप विज्ञान, न्याय और उद्योग विभाग को संबंधित कार्य 20 जून तक संपन्न कर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। बैठक में इन विभागों में किए जाने वाले सुधारों पर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य में व्यापार में सुगमता और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'कंप्लायंस रिडक्शन एंड डी-रेगुलेशन फेज-2' के तहत 16 विभागों से जुड़े कुल 28 प्राथमिकता क्षेत्र निर्धारित किए गए हैं। इसमें भूमि उपयोग, भवन एवं निर्माण, यूटिलिटीज़ और विभिन्न अनुमतियां, विद्युत, पर्यावरण, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य से जुड़े उद्योग स्थापित करने से जुड़ी प्रक्रियाओं को और अधिक सरल बनाने पर जोर दिया गया है।



उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) श्री शिखर अग्रवाल ने बैठक में बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित कुल 28 क्षेत्रों में से 8 को राज्य में लागू कर दिया गया है, जिसमें ऊर्जा, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा और उद्योग विभाग, रीको, बीआईपी तथा प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड शामिल हैं। साथ ही, 15 क्षेत्रों के लिए एक्शन प्लान बना लिया गया है, जिसमें 5 क्रियान्वित हो चुके हैं और 10 क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

इन सुधारों का मुख्य उद्देश्य अनावश्यक नियमों और जटिल प्रक्रियाओं को समाप्त कर नागरिकों, उद्योगों और उद्यमियों के लिए सुगम, पारदर्शी एवं प्रभावी व्यवस्था विकसित करना है। इससे कंप्लायंस रिडक्शन और डी-रेगुलेशन से सेवाओं की गति और गुणवत्ता में सुधार होगा तथा राज्य के प्रशासनिक और आर्थिक ढांचे में सकारात्मक बदलाव आएगा। साथ ही, व्यवसायों को बार-बार अनुमति लेने, दस्तावेज़ जमा करने और निरीक्षण संबंधी जटिलताओं से राहत मिलेगी। इससे विशेष रूप से स्टार्टअप्स, एमएसएमई और नए उद्यमियों को लाभ होगा तथा उनके समय, लागत और संसाधनों की बचत सुनिश्चित हो सकेगी। बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## 2 बसों की टक्कर में 7 की मौत

### 10 से ज्यादा घायल, डिवाइडर क्रॉस कर एक बस से दूसरी टकराई

सूरत।

गुजरात में सूरत जिले के बारडोली के पास मंगलवार दोपहर को दो बसें टकरा गईं। हादसे में 7 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा घायल हो गए। टक्कर के बाद एक बस के पलटते ही उसमें आग लग गई थी। दोनों बसें महाराष्ट्र की हैं। हादसा सड़क पर पलटे एक टैंकर को बचाने की कोशिश के दौरान हुआ। टैंकर की टक्कर से बचाने की कोशिश में एक बस ड्राइवर का स्टीयरिंग पर कंट्रोल नहीं रहा और बस डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में जाकर सामने से आ रही दूसरी बस से टकरा गई। दोनों ही बसें स्पीड में थीं। इनमें एक बस में सड़क किनारे पलटते ही आग लग गई। सभी घायलों को बारडोली के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है।



#### घायलों को तीन अस्पतालों में भर्ती कराया गया: कलेक्टर

कलेक्टर तेजस पटेल ने दुर्घटना के बारे में बताया कि यह हादसा शाम 4:30 बजे हुआ। 17 घायलों का इलाज बारडोली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में किया जा रहा है और उनमें से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। घायलों को तीन अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सभी का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों द्वारा किया जा रहा है। 7 घायलों को सूरत सिविल अस्पताल रेफर किया गया है, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है।

## अल नीनो की आशंका पर केंद्र अलर्ट

### किसानों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : शिवराज सिंह चौहान

नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संभावित अल नीनो परिस्थितियों को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन समय रहते तैयारी करना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार किसानों के हितों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और खरीफ सीजन को प्रभावित होने से बचाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

#### कम वर्षा वाले क्षेत्रों पर विशेष निगरानी के निर्देश

बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कम वर्षा की आशंका वाले राज्यों और जिलों पर विशेष निगरानी रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुनर्बुवाई, जीवनरक्षक सिंचाई, कम अवधि वाली फसलें, वैकल्पिक बुवाई योजनाएं और जिला-विशिष्ट कृषि सलाह किसानों तक समय पर पहुंचाई जानी चाहिए। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संभावित मौसमीय चुनौतियों को देखते हुए बीजों की उपलब्धता, खेतों में नमी संरक्षण, जल प्रबंधन और वैकल्पिक फसल योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



## थरूर बोले- वंदे मातरम लोगों के लिए बोझिल

### हर कार्यक्रम में राष्ट्रगीत गाना मुश्किल; इसका समाधान आपसी सहमति से निकाला जाए

तिरुवनंतपुरम।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सरकारी कार्यक्रमों की शुरुआत और अंत में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के सभी 6 छंदों को बजाने या गाना अनिवार्य करने पर सवाल उठाया। उन्होंने इसे गैर जरूरी और लोगों के लिए बोझिल बताया। केरल के तिरुवनंतपुरम में सोमवार को थरूर ने कहा, वंदे मातरम हमारा राष्ट्रगीत है। जब इसे गाया जाता है, तो हम सम्मान में खड़े हो जाते हैं। इसका पहला छंद या पहले दो छंद ज्यादातर लोगों को जुबानी याद होते हैं। थरूर ने बताया कि पारंपरिक रूप से यह गीत किसी कार्यक्रम की शुरुआत में एक बार गाया जाता था तो वहीं राष्ट्रगान अलग से कार्यक्रम के आखिर में बजाया जाता था।



#### थरूर ने कहा- वंदे मातरम सभी लोगों को याद नहीं

इसी साल 19 फरवरी को दिल्ली में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन की मौजूदगी में आयोजित एक कार्यक्रम का शशि थरूर ने जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वहां शुरुआत और अंत में वंदे मातरम का पूरा संस्करण बजाया गया था। उनके मुताबिक, गीत लंबा होने के कारण लोगों के लिए दो बार खड़े रहना असुविधाजनक था। थरूर ने कहा आखिरकार इस मामले पर कोई फैसला लेना पड़ सकता है, क्योंकि संसद द्वारा पारित ऐसा कोई कानून नहीं है जो इसे अनिवार्य बनाता हो। मुझे राष्ट्रगीत से कोई आपत्ति नहीं है। वंदे मातरम का जो हिस्सा पारंपरिक रूप से सार्वजनिक कार्यक्रमों में गाया जाता रहा है, उसकी लंबाई लगभग राष्ट्रगान जितनी ही है। उसे लंबे समय से स्वीकार और सम्मानित किया जाता रहा है। इसका समाधान आपसी सहमति से निकल आएगा। वहीं केरल सरकार का कहना है कि इसका पूरा संस्करण गाना वैकल्पिक है, जबकि राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर का नजरिया कुछ अलग लगता है।

## एंटी रेडिएशन मिसाइल रुद्रम-2 का सफल परीक्षण

### हवा से जमीन में 300किमी तक हमला करेगी, दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को खत्म करने में सक्षम

नई दिल्ली

डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन ने मंगलवार को एंटी-रेडिएशन मिसाइल रुद्रम-2 का सफल टेस्ट किया है। यह टेस्ट वायुसेना के सू-30एमकेआई फाइटर जेट से किया गया। ये मिसाइल हवा से जमीन में 300किमी की तक की रेंज में दुश्मन को खत्म करेगी। रुद्रम-2 मिसाइल को दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम और रडार, कम्युनिकेशन सिस्टम और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी नेटवर्क को खत्म करने के लिए बनाया गया है। यह मिसाइल दुश्मन के रडार बंद होने पर भी उसे खोजकर खत्म करेगी।

#### रुद्रम-2 के 2 अलग-अलग मिशन

ग्राउंड अटैक- इस मोड में मिसाइल दुश्मन के बंकर, एयरस्ट्रिप, भूमिगत एयरक्राफ्ट हैंगर, रडार और सैन्य ठिकानों पर सटीक हमला कर सकती है। एंटी-रेडिएशन- इस भूमिका में इसका प्रमुख टारगेट रडार स्टेशन, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी केंद्र, कम्युनिकेशन और जैमिंग सिस्टम होते हैं।

#### रुद्रम-2 दुश्मन के एयर डिफेंस को कमजोर करती है

किसी भी देश की हवाई सुरक्षा काफी हद तक उसके रडार सिस्टम पर निर्भर करती है। रडार ही दुश्मन के विमान, मिसाइल और ड्रोन का पता लगाकर सेना को समय रहते चेतावनी देते हैं। रुद्रम-2 का मुख्य काम ऐसे रडार सिस्टम को खोजकर नष्ट करना है। जब रडार और निगरानी उपकरण नष्ट हो जाते हैं, तो दुश्मन के लिए आसमान में हो रही गतिविधियों पर नजर रखना मुश्किल हो जाता है।




इससे उसकी हवाई सुरक्षा कमजोर पड़ जाती है और भारतीय फाइटर जेट के लिए हमला करना आसान और सुरक्षित हो जाता है। सैन्य भाषा में दुश्मन की हवाई सुरक्षा को कमजोर करने वाले ऐसे अभियान को SEAD (सप्रेशन ऑफ एनिमी एयर डिफेंस) कहा जाता है।

सरल शब्दों में, इसका मतलब है दुश्मन की आंखें और कान बंद कर देना, ताकि वह हवाई हमलों का समय पर पता न लगा सके।

## सब-इंस्पेक्टर भर्ती-2025 और सहायक अभियंता भर्ती-2024 के पदों में हुई बढ़ोतरी, शुद्धि पत्र जारी

अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सब-इंस्पेक्टर/प्लाटून कमांडर भर्ती-2025 तथा सहायक अभियंता भर्ती-2024 के पदों की संख्या में बढ़ोतरी की गई है। आयोग द्वारा इन दोनों भर्तियों के लिए नवीन वर्गवार वर्गीकरण के संबंध में शुद्धि-पत्र जारी कर दिया गया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग द्वारा जारी शुद्धि पत्र संख्या 06/2026-27 के अनुसार, गृह (ग्रुप-1) विभाग के लिए उप निरीक्षक/प्लाटून कमांडर के कुल 1015 पदों पर भर्ती के लिए पूर्व में विज्ञापन जारी किया गया था। विभाग से प्राप्त संशोधित अर्थना के अनुसार, अब उप निरीक्षक (ए.पी.) नॉन-शेड्यूल एरिया के पदों में 61 पदों की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद अब इस कैटेगरी में कुल पदों की संख्या 896 से बढ़कर 957 हो गई है।

## संपादकीय

# नासूर बनता जा रहा पश्चिम एशिया गतिरोध

अमेरिका और ईरान में कोई समझौता होने की संभावनाओं के बीच जिस तरह दोनों किसी सहमति पर भी पहुंचते नहीं दिख रहे हैं, उससे किसी के लिए भी कहना कठिन है कि बातचीत सही दिशा में चल रही है और पश्चिम एशिया संकट शीघ्र समाप्त होने वाला है। पिछले लगभग एक माह से कभी अमेरिका वार्ता के सही दिशा में जारी रहने की घोषणाएं करता है तो कभी ईरान अपने रुख में नरमी दिखाता है, लेकिन परिणाम शून्य है। बीच-बीच में अमेरिका और ईरान, दोनों एक-दूसरे को धमकी भी देते रहते हैं। साफ है कि दोनों का एक-दूसरे के प्रति गहरा अविश्वास है और कथित तौर पर मध्यस्थता कर रहा पाकिस्तान संदेशों का आदान-प्रदान करने के अतिरिक्त और कुछ करने की स्थिति में नहीं।

इसका कोई खास मतलब नहीं कि दोनों देशों में युद्धविराम कायम है, क्योंकि वह होर्मुज समुद्री मार्ग बाधित ही है, जिससे विश्व के पांचवें हिस्से की ऊर्जा आपूर्ति होती है। यह आपूर्ति करीब-करीब ठप होने के कारण ऊर्जा संकट गहरा गया है और उसका बुरा असर अमेरिका समेत सभी देशों की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है।

अब ट्रंप के उन दावों पर भरोसा करना कठिन हो रहा है कि ईरान समझौते के लिए तैयार है। वैसे समझौता न हो पाने के लिए केवल अमेरिका को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि ईरान भी इस जिद पर अड़ा है कि वह होर्मुज पर अपना आधिपत्य नहीं छोड़ेगा और अपने संवर्धित यूरेनियम को लेकर कोई समझौता नहीं करेगा।

इसका अर्थ है कि वह परमाणु हथियार बनाने के इरादे का परित्याग नहीं करना चाहता। इसे कोई भी नहीं चाहेगा कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की क्षमता हासिल करे। उसे न केवल परमाणु हथियार हासिल करने के इरादे को छोड़ना होगा, बल्कि होर्मुज पर नियंत्रण रखने की जिद भी छोड़नी होगी। होर्मुज एक स्वतंत्र समुद्री मार्ग है और ईरान को यह अधिकार नहीं दिया जा सकता कि वह उसे अपनी निजी जागीर समझ ले अथवा वहां से गुजरने वाले जहाजों से टैक्स वसूले।

यह अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों की अवहेलना करने वाली जिद है। ईरान यह दिखा रहा है कि पश्चिम एशिया संकट जारी रहने से उसकी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ रहा है, पर सच यह है कि वह आर्थिक तबाही के मुहाने पर है। ऐसे में उसे अपनी जिद छोड़नी चाहिए। बदले में अमेरिका को भी उसे यह भरोसा दिलाना होगा कि उस पर फिर हमला नहीं होगा। दोनों देशों को यह समझना होगा कि उनके बीच का गतिरोध विश्व अर्थव्यवस्था के लिए नासूर बन गया है। बहुत हो चुका।

अब यह गतिरोध टूटना चाहिए, क्योंकि पश्चिम एशिया संकट विश्व के करोड़ों लोगों को प्रभावित कर रहा है। लोगों की रोजी-रोटी पर ही संकट नहीं है, वे गरीबी के दुष्चक्र से भी घिरते जा रहे हैं।

# अविश्वास से घिरती जा रहीं परीक्षाएं

**जगमोहन सिंह राजपूत**

> केवल आर्थिक और तकनीकी प्रगति पर्याप्त नहीं है। यदि उसके साथ नैतिक विकास नहीं जुड़ा होगा तो समाज और राष्ट्र दोनों ही गंभीर चुनौतियों का सामना करते रहेंगे।



देश में प्रश्नपत्रों का परीक्षा से पहले 'आउट' हो जाना लगभग सामान्य प्रक्रिया बन चुकी है। इसका विस्तार बोर्ड एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से लेकर सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षाओं तक फैल चुका है। सरकारी तंत्र ने अगले वर्ष के लिए सुधारों का आश्वासन दिया है।

यह आवश्यक भी था, लेकिन जो अविश्वास पूरे देश में फैल चुका है, क्या उसका समाधान भी हो पाया है? अपराधियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। कुछ लोग तो वर्षों से इस प्रकार के अवैध कार्यों को व्यवसाय की तरह संचालित करते रहे हैं। निश्चित रूप से उन्हें कहीं न कहीं से संरक्षण भी मिलता रहा होगा।

हर बार सरकारी तंत्र प्रश्नपत्र तैयार करने, उसे परीक्षा केंद्रों तक सुरक्षित पहुंचाने और परीक्षा प्रारंभ होने तक उसकी गोपनीयता बनाए रखने की व्यवस्था में सुधार करता है, लेकिन समस्या का एक बड़ा पक्ष ऐसा भी है, जिसे सभी जानते हैं, पर उसकी ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। कुछ वर्ष पहले बिहार की एक बोर्ड परीक्षा के परिणामों को लेकर देशव्यापी चर्चा हुई थी। उस दौरान एक छात्रा का यह कथन व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर करने वाला था कि 'मैं तो सेकेंड डिवीजन में पास होना चाहती थी, चाचा ने टाप करा दिया।' यह एक ऐसा संकेत था, जो समस्या के वास्तविक समाधान की दिशा दिखा सकता था।

हमें इस पर भी विचार करना होगा कि आखिर लीक हुए प्रश्नपत्र कौन खरीदता है? इसके लिए धन तो परिवार ही देता है और साल्वर, वह भी नीट जैसी परीक्षा में, कौन बन सकता है? कोई मेडिकल की पढ़ाई कर रहा छात्र या डाक्टर बन चुका सुशिक्षित व्यक्ति ही यह कार्य कर सकता है। क्या इस देश ने कभी नागरिकों को यह बताया कि किसी साल्वर को या बड़ी धनराशि देकर अपने लाड़लों के लिए प्रश्नपत्र खरीदने वाले परिवार के किसी सदस्य को क्या सजा मिली? इस प्रकार के मामलों और ऐसी अन्य कारगुजारियों में अपराधियों को दंडित करने के मामले में भारत इतना कमजोर क्यों है? या यूं कहें कि व्यवस्था इतनी शिथिल क्यों है? संविधान में मूलभूत कर्तव्य 42वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़े गए थे। यदि सरकार, शिक्षित वर्ग और समाज इनका पालन करते होते तो क्या प्रश्नपत्र लीक होते? आगे क्या केवल कानून बदलकर प्रश्नपत्र लीक को रोका जा सकेगा? व्यवस्था को लगातार सतर्क तो रहना ही होगा, लेकिन जब तक शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति के भीतर मानवीय तत्व को जागृत करने में असमर्थ रहेगी, तब तक ऐसी आशंकाएं साकार होती रहेंगी और परीक्षाओं की साख पुनः स्थापित नहीं हो पाएगी।

नीट के प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच तेजी से चल रही है। यह स्पष्ट हो गया है कि जो लोग प्रश्नपत्र बनाने योग्य समझे गए थे, जो विशेषज्ञ माने जाते थे, वे अपेक्षित नैतिक स्तर पर खरे नहीं उतरे।

स्वतंत्रता के बाद के पहले कई दशकों तक परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक क्यों नहीं होते थे। वर्ष 1965-70 तक समाज में हर तरफ ऐसे लोग उपस्थित थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए त्याग किया था, तपस्या की थी और अपना सर्वश्रेष्ठ देश तथा उसके नागरिकों के लिए समर्पित कर दिया था। आज स्थिति कहां पहुंच गई है? सत्ता में पहुंचकर या व्यवस्था का अंग बनकर सामान्य जन को भूल जाना लगभग पूरी तरह स्वीकार्य हो चुका है। महात्मा गांधी का एक सूत्र-वाक्य लगभग हर विचार-विमर्श में दोहराया जाता है कि 'प्रकृति के पास सभी की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त संसाधन हैं, लेकिन किसी एक व्यक्ति के लालच की पूर्ति के लिए नहीं।' क्या नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने जैसी अनेक कष्टदायक घटनाओं के कारण इसी विचार में कहीं छिपे नहीं हैं? अंततः वह धन-लोलुपता ही है, जो एक अनुभवी अध्यापक को अपनी नैतिकता और कर्तव्यनिष्ठा को भुलाकर एक जघन्य सामाजिक अपराध की ओर धकेल देती है। यह उस शिक्षा-व्यवस्था और पाठ्यक्रम की भी असफलता है, जो विद्यार्थियों को परीक्षाएं तो उत्तीर्ण करा देता है, लेकिन शिक्षा के सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य-नैतिकता और मानवीय मूल्यों के साथ व्यक्तित्व-निर्माण में पूरी तरह असफल सिद्ध होता है। नैतिकता का ह्रास भारत के भविष्य पर सीधी चोट कर रहा है।

विज्ञान, तकनीक, अंतरिक्ष, एआइ और संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के युवा किसी से पीछे नहीं हैं। फिर भी प्रश्न यह है कि हम परीक्षाओं को ईमानदारी और विश्वास के साथ संपन्न कराने में स्वयं को असमर्थ क्यों पाते हैं? एक महत्वपूर्ण पक्ष, जिस पर अपेक्षित चर्चा नहीं होती, वह है मनुष्य की बढ़ती स्वार्थपरकता, संग्रह की प्रवृत्ति और धन के निर्बाध दुरुपयोग का अहंकार। स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक इस विषय पर गंभीर वैचारिक मंथन की आवश्यकता है। ऐसी शिक्षा-पद्धति और विकल्पों की तलाश करनी होगी, जो केवल ज्ञान और कौशल ही नहीं, बल्कि नैतिकता से संपन्न व्यक्तित्व का भी निर्माण करें। साथ ही जनप्रतिनिधियों को भी अपने जीवन के लक्ष्यों, सामाजिक दायित्वों और जनहित की समझ पर निरंतर आत्ममंथन करते रहना होगा। केवल आर्थिक और तकनीकी प्रगति पर्याप्त नहीं है। यदि उसके साथ नैतिक विकास नहीं जुड़ा होगा तो समाज और राष्ट्र दोनों ही गंभीर चुनौतियों का सामना करते रहेंगे।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जनसुनवाई में सुनीं आमजन की समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

मुमन पत्रिका



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित आवास पर जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और सड़क, पानी, बिजली, अतिक्रमण सहित विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दों को उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखा।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आए लोगों ने अपने क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं और अन्य स्थानीय समस्याओं से भी उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## नाकाबंदी अभियान में 2200 से अधिक वाहनों की जांच, 405 चालकों पर कार्रवाई

मुमन पत्रिका



**धौलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में मंगलवार को जिलेभर में 'ए' श्रेणी की विशेष नाकाबंदी अभियान चलाया गया। दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक जिले के 22 प्रमुख स्थानों पर संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की सघन जांच की गई।

नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने 1287 दोपहिया और 855 चौपहिया सहित कुल 2142 वाहनों की जांच की। इस दौरान एमवी एक्ट का उल्लंघन करने वाले 405 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें शराब पीकर वाहन चलाने, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने, बिना नंबर प्लेट और काली फिल्म लगे वाहनों के चालक शामिल रहे।

पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी तथा सड़क सुरक्षा के लिए ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

## आवारा नंदी बैल के हमले में युवक घायल, पैर में फ्रैक्चर

### नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ लोगों में रोष

मुमन पत्रिका@ दीपक गिरी



**बौंली।** कस्बे में आवारा नंदी बैलों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार को जगत शिरोमणि मंदिर के सामने एक नंदी बैल ने महेश कुमार मित्तल पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बैल ने युवक को सींगों से उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके पैर की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बौंली पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया।

स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने नगर पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि कस्बे में आवारा पशुओं की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा। नागरिकों ने आवारा नंदी बैलों को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर भेजने की मांग की है।

# राजस्थान पुलिस का विशेष अभियान 'उमंग-7' शुरू

### बालश्रम, बाल तस्करी और बच्चों के शोषण के खिलाफ जून भर चलेगा अभियान

मुमन पत्रिका@ अशफाक अब्बासी



सवाई माधोपुर। राजस्थान पुलिस द्वारा बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा एवं बालश्रम, बाल तस्करी जैसी सामाजिक बुराइयों की रोकथाम के लिए 1 जून से 30 जून 2026 तक राज्यव्यापी विशेष अभियान 'उमंग-7' चलाया जा रहा है। अभियान जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री ज्येष्ठा मैत्रेयी के सुपरविजन में संचालित किया जाएगा।

**बैठक आयोजित कर दिए आवश्यक निर्देश**

अभियान को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी स्व्हष्ट्र्ङ्घ सतीष वर्मा, मानव तस्करी विरोधी यूनिट के सैयद अंसार अली सहित विभिन्न विभागों, बाल कल्याण समिति, चिल्ड्रन होम, शेल्टर होम एवं एनजीओ प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**होटल, ढाबों और सार्वजनिक स्थलों पर होगी सघन जांच**

अभियान के तहत पुलिस द्वारा होटल, ढाबों, फैक्ट्रियों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बालश्रम एवं बाल तस्करी की आशंका वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

**रेस्क्यू बच्चों के पुनर्वास पर रहेगा फोकस**

अभियान के दौरान रेस्क्यू किए गए बच्चों को सुरक्षा, काउंसलिंग और पुनर्वास उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागों और बाल कल्याण समितियों के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा।

**आमजन से सहयोग की अपील**

राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि बालश्रम, बाल तस्करी या बच्चों के शोषण से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दें। अभियान के दौरान जागरूकता रैलियां, संवाद कार्यक्रम एवं जनसंपर्क गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

## जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत रारह में रात्रि चौपाल आयोजित कर जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

डीग/जयपुर

राज्य सरकार के मंशानुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशीलता के साथ समाधान हेतु जिला कलेक्टर मयंक मनीष की अध्यक्षता में मंगलवार को पंचायत समिति कुम्हेर की ग्राम पंचायत रारह में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी दैनिक और प्रशासनिक समस्याओं को गंभीरता से सुना।उन्होंने मौके पर उपस्थित विभिन्न विभागों के उपखंड और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश जारी किए कि प्राप्त होने वाले सभी परिवादों का समयबद्ध और स्थायी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए,ताकि नागरिकों को अपनी वैध समस्याओं के निवारण के लिए अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े।

इस रात्रिकालीन चौपाल में ग्रामीणों द्वारा बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कई विषय प्रमुखता से उठाए गए,जिनमें पेयजल आपूर्ति और विद्युत व्यवस्था की समस्याएं मुख्य थीं।जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के संदर्भ में ग्रामीणों ने नवीन नल कनेक्शन जारी करने, पानी की सप्लाई लाइन में हो रहे लीकेज को अविलंब रोकने तथा जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए सुदृढ़ नाली निर्माण व समुचित पानी निकासी की मांग रखी।इसी प्रकार,विद्युत विभाग से संबंधित मामलों में नए कनेक्शन प्रदान करने,तकनीकी रूप से खराब हो चुके मीटरों को बदलने तथा आवश्यकता से अधिक आ रहे बिजली बिलों की विसंगतियों को दूर करने के संबंध में अनेक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए,जिन पर जिला कलेक्टर ने संबंधित अभियंताओं को त्वरित और प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

इसके अतिरिक्त,चौपाल में गांव के आधारभूत ढांचे के विकास, सार्वजनिक कल्याणकारी योजनाओं और कृषि क्षेत्र से संबंधित विभिन्न परिवाद भी प्रस्तुत किए गए।ग्रामीणों ने रेलवे फाटक से मोरोली तक के मार्ग का नवनिर्माण करवाने,स्थानीय खेल मैदान एवं पानी की टंकी की सुरक्षा हेतु चारदीवारी निर्माण करवाने तथा सार्वजनिक भूमि से अवैध कब्जों को हटाने की मांग की।साथ ही, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नए आवासों की स्वीकृति, शौचालय निर्माण की प्रोत्साहन राशि के लंबित भुगतान, अन्नपूर्णा रसोई के सुचारू संचालन व भुगतान,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को निर्बाध रूप से जारी रखने तथा खरीफ की फसल में विगत दिनों हुई ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा राशि दिलवाने के संबंध में भी प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित विभागों को प्रेषित कर त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। रात्रि चौपाल के उपरांत, जिला कलेक्टर ने रारह पंचायत भवन परिसर में ही संचालित पुस्तकालय का अवलोकन किया।उन्होंने पुस्तकालय में उपलब्ध विभिन्न विधाओं की पुस्तकों,छात्रों के बैठने की समुचित व्यवस्था और वहां के अध्ययन अनुकूल वातावरण का निरीक्षण किया।

## अंसार खलीफा बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के प्रदेश प्रशिक्षण सह-प्रभारी

मुमन पत्रिका@ दीपक गिरी



**बौंली/सवाई माधोपुर।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान की नई प्रदेश कार्यकारिणी में सवाई माधोपुर जिले के भाजपा नेता अंसार खलीफा को प्रदेश प्रशिक्षण सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती द्वारा घोषित नई कार्यकारिणी में की गई है। अंसार खलीफा को मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी और उत्साह का माहौल है। पार्टी पदाधिकारियों ने इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए उन्हें बधाई दी है। प्रदेश प्रशिक्षण सह-प्रभारी के रूप में अंसार खलीफा संगठन के प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन और पार्टी की नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। अंसार खलीफा ने नियुक्ति पर भाजपा प्रदेश नेतृत्व और संगठन का आभार जताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे।

## हमले व तोड़फोड़ मामले में पीड़ित परिवार ने लगाई न्याय की गुहार




मुमन पत्रिका

**बालोतरा।** ग्राम मेडिवासन निवासी इकबाल खां ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पुलिस थाना पचपदरा में दर्ज मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि 24 मई को 35 से 40 लोग हथियारों के साथ उनके घर पहुंचे और हमला कर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। आरोप है कि महिलाओं व नाबालिग बालिकाओं के साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया। हमलावरों ने जेसीबी से मकान, पानी के टांके और घरेलू सामान को नुकसान पहुंचाया। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस व जेसीबी को कब्जे में लिया तथा मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से सुरक्षा उपलब्ध कराने और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# धारा 138 एनआई एक्ट मामलों के निस्तारण के लिए 18 जुलाई व 21 नवम्बर को विशेष लोक अदालत

मुमन पत्रिका@ नईम अख्तर

**सवाई माधोपुर।** चैक अनादरण (धारा 138 एनआई एक्ट) से संबंधित मामलों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा 18 जुलाई 2026 एवं 21 नवम्बर 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव समीक्षा गौतम ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार आयोजित इस विशेष लोक अदालत में धारा 138 एनआई एक्ट से जुड़े प्री-लिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चैक अनादरण के मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए मामलों के सरल, त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से यह पहल की गई है। लोक अदालत के माध्यम से मामलों का निस्तारण होने पर समय और धन दोनों की बचत होती है तथा आपसी सौहार्द भी बना रहता है।

# मेंटेनेंस कार्य के चलते आज 3 घंटे बिजली सप्लाई रहेगी बंद

मुमन पत्रिका@ फिरोज खान

**वजीरपुर।** उपखंड क्षेत्र के कई गांवों में बुधवार, 3 जून को विद्युत आपूर्ति तीन घंटे तक बंद रहेगी। सहायक अभियंता धनराज मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि 132 केवी बडोली सब स्टेशन पर आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इसके चलते सब स्टेशन से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडरों की बिजली सप्लाई सुबह 6:00 बजे से 9:00 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान वजीरपुर, श्यारौली, सेवा, बडोली, बड़ौदा, खेड़ला, कुसाय, रायपुर, मैड़ी, मठ, फुलवाड़ा, खणडीप, पांवटा, किशोरपुर सहित आसपास के गांवों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

# एसडीएम कार्यालय चोरी कांड का खुलासा, चार गिरफ्तार

मुमन पत्रिका@संदीप कुमार

**बामनवास।** बामनवास पुलिस ने करीब दो माह पूर्व एसडीएम कार्यालय से चोरी हुए सरकारी दस्तावेजों के मामले का सफल खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में दो युवतियों सहित चोरी का माल खरीदने वाले दो कबाड़ियों को पकड़ा है। पुलिस अधीक्षक सुश्री ज्येष्ठा मैत्रेयी के निर्देशन एवं थानाधिकारी कैलाश चंद शर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चोरी गए सरकारी दस्तावेज, इलेक्ट्रिक कांटा तथा वारदात में प्रयुक्त जुगाड़ वाहन भी बरामद किया है। मामले के खुलासे में आसूचना अधिकारी अशोक कुमार, उपनिरीक्षक हेमंत कुमार एवं ममता शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

# म्यूल अकाउंट से साइबर ठगी, 6.50 लाख के ट्रांजेक्शन में युवक गिरफ्तार

## बामनवास पुलिस की कार्रवाई, आरोपी के खाते से तुरंत निकाली जाती थी ठगी की रकम

मुमन पत्रिका

**बामनवास।** साइबर ठगी की रकम के ट्रांजेक्शन में इस्तेमाल किए जा रहे म्यूल अकाउंट मामले में बामनवास पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राधेकी निवासी आशीष कुमार मीना के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के बैंक खाते में करीब 6.50 लाख रुपए की संदिग्ध साइबर फ्रॉड राशि का लेनदेन मिला है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुश्री ज्येष्ठा मैत्रेयी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीलकमल मीना और डीएसपी सीताराम मीना के सुपरविजन में थानाधिकारी कैलाश चंद शर्मा की टीम ने की। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के कैनरा बैंक गंगापुर सिटी शाखा स्थित खाते में साइबर ठगी की राशि क्रेडिट होती थी, जिसे यूपीआई व अन्य माध्यमों से तुरंत ट्रांसफर या निकाला जाता था। खाते में कुल 6,50,925 रुपए का ट्रांजेक्शन मिला, जिसमें अधिकांश राशि तत्काल निकासी कर ली गई। पुलिस के अनुसार आरोपी मोबाइल के जरिए लोगों को झांसे में लेकर ठगी करता था और लंबे समय से पुलिस से बचता फिर रहा था। तकनीकी टीम और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को राधेकी रोड से डिटेन कर गिरफ्तार किया गया। फिलहाल पुलिस आरोपी से साइबर फ्रॉड नेटवर्क और अन्य ट्रांजेक्शन के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# नगर परिषद में 30 जून तक लोक कल्याण मेले का आयोजन

## ठेला-रेहड़ी संचालकों व श्रमिकों को मिलेगा व्यवसाय शुरू करने के लिए ऋण

मुमन पत्रिका

**सवाई माधोपुर।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर स्वनिधि योजना के तहत नगर परिषद सवाई माधोपुर में 1 से 30 जून 2026 तक लोक कल्याण मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार तथा स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। नगर परिषद आयुक्त चन्द्रकला वर्मा ने बताया कि मेले में ठेला, रेहड़ी संचालकों, छोटे व्यवसायियों एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंकों के माध्यम से 15 हजार, 25 हजार एवं 75 हजार रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एवं डिजिटल लेनदेन पर ब्याज में छूट भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 18 से 60 वर्ष आयु के इच्छुक व्यक्ति आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं आधार लिंक मोबाइल नंबर के साथ नगर परिषद कार्यालय या ई-मित्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदनों का निस्तारण प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को विशेष कैंप लगाकर किया जा रहा है।

# मई 2026 में भारतीय रेलवे ने 145 मिलियन टन माल ढुलाई का लक्ष्य हासिल किया

मुमन पत्रिका

**कोटा।** भारतीय रेलवे ने वैश्विक चुनौतियों के बावजूद मई 2026 तक 145 मिलियन टन माल ढुलाई कर नया रिकॉर्ड बनाया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.3 प्रतिशत अधिक है। रेलवे के अनुसार लौह अयस्क, उर्वरक, इस्पात एवं अन्य वस्तुओं की ढुलाई में बढ़ोतरी से यह उपलब्धि हासिल हुई। रेलवे ने बताया कि उर्वरकों की ढुलाई में 6.2 प्रतिशत, लौह अयस्क में 4.8 प्रतिशत तथा अन्य वस्तुओं की ढुलाई में 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं कोयले की ढुलाई में भी लगभग 1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यात्रियों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। मई 2026 में भारतीय रेलवे से 61 करोड़ से अधिक यात्रियों ने सफर किया, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या करीब 59 करोड़ थी। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। रेलवे वर्तमान में 164 वंदे भारत और 68 अमृत भारत ट्रेनों का संचालन कर रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार माल ढुलाई और यात्री सेवाओं में लगातार सुधार से देश की आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिल रही है।

# गोवंश को हरा चारा खिलाकर दिया जीव दया का संदेश

मुमन पत्रिका



**सवाई माधोपुर।** श्रीमाल जैन समाज के तत्वावधान में भगवान महावीर के 'जियो और जीने दो' सिद्धांत को आत्मसात करते हुए मंगलवार को सेवा भाव से गोवंश को हरा चारा खिलाकर जीव दया का संदेश दिया गया।

प्रवीण जैन ने बताया कि जीव दया से जुड़े प्रेरणादायी कार्यक्रमों की श्रृंखला में भैरव दरवाजा स्थित श्री राधाकृष्ण गौशाला में दिनेश जैन भाड़ोती वाले के संयोजन में समाजजनों ने श्रद्धा भाव से गोवंश को हरा चारा खिलाया तथा प्राणी मात्र के प्रति करुणा और दया का संदेश दिया।

इस अवसर पर पदमचंद जैन लोधा वाले ने कहा कि भगवान महावीर का अहिंसा एवं दया का संदेश आज भी पूरी तरह प्रासंगिक है। अमित जैन बहतेड़ वाले ने कहा कि जीव दया के ऐसे कार्यों से समाज में सेवा, संवेदना और परोपकार की भावना विकसित होती है। सुनील जैन बहतेड़ वाले ने कहा कि मूक प्राणियों की सेवा करना मानवता की सच्ची पहचान है।

इसी क्रम में मंजूलता जैन ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और मानवता को नई दिशा प्रदान करते हैं। उत्तम जैन भाड़ोती वाले के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने धार्मिक एवं सेवा कार्यों के माध्यम से पुण्यार्जन करने का संकल्प लिया। वहीं चैतन्य जैन ने युवाओं को जीव दया एवं सेवा संस्कारों से जोड़ने पर जोर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजनों ने सहभागिता निभाई।

# यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए निकाली वाहन रैली

## हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने की अपील

मुमन पत्रिका




**सवाई माधोपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम करने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला मुख्यालय पर यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ रणथंभौर सर्किल से हुआ, जो आलनपुर, जिला अस्पताल, पुराने शहर के मुख्य बाजार, पुलिस चौकी तथा हरसहाय कटला से बजरिया सहित संपूर्ण नगर परिषद क्षेत्र होते हुए पुनः रणथंभौर सर्किल पहुंचकर संपन्न हुई। रैली से पूर्व यातायात पुलिस ने हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले चालकों का माला पहनाकर सम्मान किया तथा उन्हें यातायात नियमों की पालना के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान आमजन को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

यातायात पुलिस के सब इंस्पेक्टर मानसिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यह रैली निकाली गई। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करना जीवन सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। नियमों की पालना से सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली गंभीर जनहानि को काफी हद तक रोका जा सकता है।

उन्होंने बताया कि रैली के माध्यम से नाबालिग बच्चों को वाहन नहीं चलाने तथा अभिभावकों को भी इस संबंध में सतर्क रहने का संदेश दिया गया। वहीं यातायात पुलिस ने शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की भी वाहन चालकों से समझाइश की।जागरूकता अभियान के दौरान यातायात प्रभारी सहित यातायात पुलिस के जवानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

# जैन मुनियों का शिवाड़ में भव्य मंगल प्रवेश, बैंड-बाजों से हुआ स्वागत



मुमन पत्रिका

**शिवाड़, ।** कस्बे में सोमवार को परम पूज्य निर्यापक मुनि 108 विलोक सागर महाराज एवं परम पूज्य मुनिश्री विभोध सागर महाराज का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। पूजनीय मुनि बोली से पैदल विहार करते हुए शिवाड़ पहुंचे, जहां सकल जैन समाज की ओर से बैंड-बाजों एवं जयकारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। मुनिश्री मुख्य मार्गों से होते हुए जैन मंदिर पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर अगवानी की। मंदिर पहुंचकर मुनिश्रियों ने देवाधिदेव 1008 मूलनायक चंद्र प्रभु भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इसके बाद आयोजित धर्मसभा में परम पूज्य श्रवण मुनि विलोक सागर महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रयास करने वालों की कभी हार नहीं होती तथा मनुष्य को सदैव सकारात्मक सोच और सत्कर्मों के मार्ग पर चलना चाहिए। मुनिश्री के प्रेरणादायी प्रवचनों से उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला-पुरुष एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

# छप्पर से पक्के घर की ओर बढ़े कदम, 9 घुमंतू परिवारों को मिला भूखंड

## बोरखड़ीकला में पंचायत समिति पीपलू की पहल, आवास योजना से जुड़ेंगे परिवार



मुमन पत्रिका@ विनोद सांखला

**टोंक।** पंचायत समिति पीपलू की पहल पर ग्राम पंचायत बोरखड़ीकला के 9 घुमंतू मोग्या परिवारों को स्थायी आवास की उम्मीद मिली है। विकास अधिकारी सुनील वर्मा ने सोमवार को परिवारों को आवंटित भूखंडों का मौके पर कब्जा दिलाया और मुख्यमंत्री घुमंतू-अर्द्धघुमंतू आवास योजना की जानकारी दी। वर्तमान में ये परिवार अस्थायी छप्परों में रहकर जीवन यापन कर रहे हैं। प्रशासन की पहल के बाद अब इन परिवारों के लिए पक्के मकान बनने का रास्ता साफ हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत पात्र परिवारों को मकान निर्माण के लिए 1.20 लाख रुपए तक की सहायता दी जाती है। जिनके पास भूमि नहीं है, उन्हें भूखंड भी उपलब्ध कराया जाता है। परिवारों के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, ताकि जल्द ही आवास निर्माण की स्वीकृति मिल सके। इस दौरान पंचायत समिति के अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# पदोन्नत प्रधानाचार्यों की पदोन्नति तिथि अंकन की मांग

मुमन पत्रिका@ विनोद सांखला

**टोंक।** राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद (रेसा-पी) ने पदोन्नत प्रधानाचार्यों की पदोन्नति तिथि अंकन का कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष कुम्भाराम चौधरी ने बताया कि सत्र 2015-16 से 2019-20 तक पदोन्नत हुए प्रधानाचार्यों का तिथि अंकन कार्य लंबे समय से लंबित है। उन्होंने कहा कि सरकार और शिक्षा मंत्री के निर्देशों के बावजूद निदेशालय माध्यमिक शिक्षा बीकानेर स्तर पर कार्रवाई नहीं हो रही है, जिससे प्रधानाचार्यों में रोष व्याप्त है। परिषद ने चेतावनी दी कि यदि 7 दिन में तिथि अंकन कार्य पूरा नहीं किया गया तो 8 जून को शिक्षा निदेशालय बीकानेर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन के दौरान संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# वन्दे गंगा अभियान के तहत जल संसाधन मंत्री एवं डीग-कुम्हेर विधायक ने किया सह बंध-होम्स कैनाल का निरीक्षण

## वन्दे गंगा अभियान का कुम्हेर में हुआ जल पूजन

**डीग।** राज्य सरकार के वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 को धरातल पर सशक्त व परिणाममूलक बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में, राजस्थान सरकार के जल संसाधन एवं जल संसाधन (आयोजना) विभाग के मंत्री तथा भरतपुर व डीग जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत, डीग-कुम्हेर विधायक डॉ.शैलेश सिंह और जिला कलेक्टर मयंक मनीष ने सह बंध-होम्स कैनाल के कार्यों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात, कुम्हेर स्थित ऐतिहासिक कच्चा कुण्डा पर विधि-विधान के साथ जल पूजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संवर्धन का उत्कृष्ट संदेश देते हुए सघन वृक्षारोपण भी किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा, उपाध्यक्ष सतीश बंसल सहित अन्य प्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने अभियान की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राजस्थान की दूरगामी सोच का परिणाम है कि आज राजस्थान का वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पूरे देश में एक मिसाल बन गया है। अन्य राज्य भी इस अभियान की सफलता की विस्तृत रिपोर्ट राजस्थान से मांग रहे हैं। प्रदेश में हुई वर्षा और इस अभियान के भगीरथ प्रयासों से वे तालाब और जलाशय भी लबालब भर गए हैं, जो विगत 50-60 वर्षों से पूर्णतः रीते पड़े थे। उन्होंने स्वच्छता पर बल देते हुए कहा कि जल स्रोतों की साफ-सफाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। जब तक यह अभियान एक वृहद जन-आंदोलन का रूप नहीं ले लेता, तब तक निरंतर हमें अपने स्तर पर इसकी स्वच्छता सुनिश्चित करनी होगी।

# ऑपरेशन वज्र प्रहार के तहत बारां पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 3.92 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

मुमन पत्रिका

**बारां।** मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन वज्र प्रहार' के तहत बारां पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात नशा तस्कर बिरमचंद लोढ़ा एवं उसके परिजनों की करीब 3 करोड़ 92 लाख 81 हजार रुपये की अवैध संपत्तियों और बैंक खातों को फ्रीज कर दिया।

जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक अन्दासु ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ के तहत यह कार्रवाई की गई है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी एवं उसके परिजनों ने मादक पदार्थों की तस्करी से करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित की थी।

कार्रवाई के तहत 2 मकान, 5 प्लॉट, 2 कारें, 1 मोटरसाइकिल तथा बैंक खातों में जमा राशि को फ्रीज किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तीन मामले दर्ज हैं, जिनमें एक मामला वाणिज्यिक मात्रा से जुड़ा है।

एसपी अन्दासु ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी और अपराध से अर्जित संपत्तियों को किसी भी हाल में सुरक्षित नहीं रहने दिया जाएगा।

# बी. मुक्त भारत अभियान के तहत हाई रिस्क गांवों में 9 जून तक लगेंगे हेल्थ कैम्प

मुमन पत्रिका

**सवाई माधोपुर ।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा टी.बी. मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के तहत 3 से 9 जून तक हाई रिस्क गांवों में हेल्थ केम्पों किया जाएगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अमित कुमार गोयल ने बताया कि कार्यक्रम के तहत आमजन में टी.बी. रोग की पहचान के लिए लोगो के पोर्टेबल एक्सरे मशीन द्वारा चेस्ट एक्सरे किए जा रहे है। साथ ही, हिमोग्लोबिन, रेडम ब्लड शुगर, बी.एम.आई. एवं रक्तचाप की जांचे भी की चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा की जा रही है। जिला क्षय रोग अधिकारी के अनुसार 3 जून को बौंली ब्लॉक की मामडोली, सवाई माधोपुर की चकेरी, 4 जून को बौंली ब्लॉक की हिंदुपुरा, सवाई माधोपुर की बाडोलास, 5 जून को बौंली की कुषलपुरा, सवाई माधोपुर की रवांजना चौड़, 6 जून को बौंली की खिरखिड़ी, सवाई माधोपुर की खिदरपुर जादौन, 7 जून को बौंली की रूंगटी, खण्डार की आकोदा, 8 जून को बौंली की जटलाव, खण्डार की बहरावण्ड़ा खुर्द तथा 9 जून को बौंली की गुगडोद एवं खण्डार की बहरावण्ड़ा कलां में टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत हेल्थ कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। जिला क्षय रोग अधिकारी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि हेल्थ कैम्पों में अधिकाधिक संख्या में पहुंच कर चेस्ट एक्सरे और अन्य स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाए।

# महिलाओं को दिया निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण

मुमन पत्रिका

**सवाई माधोपुर ।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के द्वारा प्रायोजित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, सवाई माधोपुर की ओर से चल रहे सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान परिसर में चल रहे सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक प्रदीप कुमार एवं एच. के. मीना रहे। इस सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 25 महिला प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक ट्रेनिंग दी गई और उन्हे स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया। संस्थान के निदेशक नीरज कुमार ने सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े रोजगार के बारे में महिलाओं को टिप्स दिये। अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक ने महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का महत्व बताया तथा साथ ही उन्हें छोटी छोटी बचत से पैसे जोड़ने के गुर सिखाए। और महिलाओं से सिलाई कार्य करने हेतु आग्रह किया। समारोह के अंत में सभी महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिए गए। एवं ईडीपी असेस्मेंट अधिकारी बी.एल सोनी द्वारा मूल्याकन किया गया प् इस अवसर पर संस्थान के स्टाफ सदस्य, राजेन्द्र कुमार बैरवा, मनराज माली, निरमा चौधरी, कपिल कुमार, रमजू गुर्जर उपस्थित रहे।

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान

# मानसरोवर बांध पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

मुमन पत्रिका

**सवाई माधोपुर ।** राज्य सरकार द्वारा संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के तहत मंगलवार को जिला कलक्टर काना राम के मुख्य आतिथ्य में जल संसाधन विभाग द्वारा खंडार क्षेत्र के ग्राम जेतपुर स्थित मानसरोवर बांध रेस्ट चौकी परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण एवं जनभागीदारी आधारित गतिविधियों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे गंगा कलश यात्रा एवं पौधारोपण के साथ हुआ। इसके पश्चात जल संरक्षण शपथ, जल पूजन एवं श्रमदान गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान अतिथियों एवं आमजन ने जल स्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान पद दंगल एवं लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जल संरक्षण, पौधारोपण, तारबंदी योजना, किसान सम्मान निधि एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति आमजन को जागरूक किया गया। लोक कलाकारों ने लोकगीतों के जरिए जल बचत एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान जिला कलक्टर काना राम ने संबोधित करते हुए कहा कि 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' का उद्देश्य आमजन को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि मानसून पूर्व वर्षा जल संरक्षण संरचनाओं की साफ-सफाई, जल संचयन एवं पौधारोपण गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से 'हरियालो राजस्थान' अभियान एवं जल संरक्षण गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी वर्षा मीणा, अधिशाषी अभियंता अरुण शर्मा, विकास अधिकारी जगदीश मित्तल, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्रभारी कनिका शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता पुष्पेंद्र मित्तल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# 10 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ा

मुमन पत्रिका

**सवाई माधोपुर ।** जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री ज्येष्ठा मैत्रेयी के आदेशानुसार नीलकमल मीना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बौंली व सीताराम मीना पुलिस उपाधीक्षक वृत बामनवास के निकट सुपरवीजन में थानाधिकारी कैलाश चन्द शर्मा पु.नि. पुलिस थाना बामनवास मय टीम द्वारा 10 वर्ष की नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म जैसा घोर अपराध करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 30 मई को पीड़ित नाबालिग लड़की के पिता ने अपने पड़ौसी खेमचन्द पुत्र हट्टीराम कोली उम्र 41 वर्ष पर अपनी बेटी के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने तथा देख लिये जाने पर पत्नी के उलाहना देने पर गाली गलौच करने का मामला दर्ज कराया था। प्रकरण का अनुसंधान सतीश कुमार वर्मा आरपीएस एएसपी महिला अपराध अनुसंधान सैल सवाई माधोपुर द्वारा प्रारम्भ किया गया। थानाधिकारी मय टीम द्वारा आरोपी को त्वरित उसके घर पर दबिश दी जाकर डिटेन कर गिरफ्तार किया गया।

# चौथ का बरवाड़ा में कांग्रेस का प्रदर्शन आज, एसडीएम को देंगे ज्ञापन

मुमन पत्रिका

**चौथ का बरवाड़ा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चौथ का बरवाड़ा के नेतृत्व में आमजन की विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय चौथ का बरवाड़ा के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विमल कुमार मीणा ने बताया कि प्रदर्शन में बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने, युवाओं को रोजगार देने, बेरोजगारी दूर करने, पेपर लीक की घटनाओं पर रोक लगाने तथा परीक्षाएं रद्द करने सहित अन्य जनहित से जुड़ी मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता विभिन्न समस्याओं से परेशान है, जिनके समाधान के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करेंगे। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन की भागीदारी रहेगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सभी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ने किशोर गृह का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



मुमन पत्रिका

**सवाई माधोपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र दीक्षित ने राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह सवाई माधोपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान किशोर गृह में कुल 18 बाल अपचारी उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान श्री देवेन्द्र दीक्षित ने बाल अपचारियों के अध्ययन, उन्हें उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, भोजन व्यवस्था, शौचालय एवं स्नानघर की साफ-सफाई आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बाल अपचारियों को जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने तथा चोरी, लूट, साइबर अपराध एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह के अधीक्षक विमलेश कुमार को बाल अपचारियों के सुधार एवं उनके स्किल डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस दौरान श्री दीक्षित ने बाल अपचारियों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। बाल अपचारियों ने गृह में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं साफ-सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। श्री देवेन्द्र दीक्षित ने सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। इसके पश्चात श्री दीक्षित ने परिसर में स्थित शिशुगृह का भी निरीक्षण किया तथा वहां मौजूद शिशुओं की संख्या, उन्हें मिलने वाली सुविधाओं एवं दत्तक ग्रहण प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान शिशुगृह में कुल 3 शिशु पाए गए। दौराने निरीक्षण सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीक्षा गौतम, प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड निधि शर्मा, काउंसलर गिर्राज प्रसाद शर्मा, न्यायमित्र नंदकिशोर बैरवा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान की प्रदेश मंत्री नियुक्त होने पर मेहनाज पटेल ने जताया आभार

मुमन पत्रिका

**सवाई माधोपुर।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार एवं राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री बाबा डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के आशीर्वाद से सवाई माधोपुर की भाजपा नेत्री श्रीमती मेहनाज पटेल को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है। यह नियुक्ति भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष श्री हमीद खान मेवाती की सहमति एवं भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के सहयोग से की गई। प्रदेश मंत्री नियुक्त होने पर मेहनाज पटेल ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश संगठन एवं सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उस पर पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से खरा उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाज के सभी वर्गों के बीच पार्टी के प्रति विश्वास को सुदृढ़ करने के लिए वे निरंतर कार्य करती रहेंगी। मेहनाज पटेल ने कहा कि पार्टी द्वारा प्रदान किया गया यह दायित्व उनके लिए सम्मान और गौरव का विषय है। वे इसे जनसेवा एवं संगठन सेवा का अवसर मानते हुए पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाएंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, कैबिनेट मंत्री बाबा डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती एवं भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर सहित समस्त पार्टी नेतृत्व का विशेष आभार व्यक्त किया।



## विधिक जागरूकता शिविर में महिलाओं के अधिकार एवं निशुल्क विधिक सहायता की दी जानकारी



मुमन पत्रिका@ अशफाक अब्बासी

**चौथ का बरवाड़ा।** आमजन को कानून संबंधी जानकारी एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चौथ का बरवाड़ा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मौर्या एवं पैनल अधिवक्ता लोकेश कुमार शर्मा (सीठा) ने उपस्थित लोगों को विभिन्न कानूनी योजनाओं एवं अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी। शिविर के दौरान पीड़ित प्रतिकर योजना, महिलाओं के कानूनी अधिकार, लोक अदालत की महत्ता तथा निशुल्क विधिक सहायता के अधिकार के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मौर्या ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे जरूरत पड़ने पर कानून का सही उपयोग कर सकें। वहीं पैनल अधिवक्ता लोकेश कुमार शर्मा (सीठा) ने लोक अदालतों के माध्यम से आपसी समझौते से विवादों के त्वरित एवं सरल समाधान की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। शिविर में उपस्थित लोगों ने विभिन्न कानूनी विषयों पर सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में आमजन से कानून के प्रति जागरूक रहने एवं जरूरत पड़ने पर विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क करने का आह्वान किया गया।

# गुरु वंदन कार्यक्रमः शिक्षा की अलख जगाने वाले बरवाड़ा ब्लॉक के गुरुओं का हुआ सम्मान

मुमन पत्रिका

**चौथ का बरवाड़ा।** 'गुरु केवल ज्ञान नहीं देते, वे समाज का भविष्य गढ़ते हैं।' इसी भावना को साकार करते हुए राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा संचालित 'गुरु वंदन कार्यक्रम' के अंतर्गत चौथ का बरवाड़ा ब्लॉक में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया।

प्रदेश प्रवक्ता राहुल सिंह गुर्जर ने बताया कि संगठन द्वारा चलाए जा रहे इस सम्मान अभियान के तहत शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षक महेश गोयल (अध्यापक, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुई), रामधन मीना (अध्यापक, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय शेरसिंहपुरा), सूरजमल धोबी (प्रधानाध्यापक, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बोरदा) तथा शकील अहमद (वरिष्ठ अध्यापक, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जाझेड़ा) का संगठन पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।



जिलाध्यक्ष मोहम्मद जाकिर ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यालय तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह समाज निर्माण की नींव मजबूत करने वाला राष्ट्र निर्माता होता है। वर्षों तक शिक्षा की मशाल जलाकर विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देने वाले शिक्षकों का सम्मान करना संगठन का नैतिक दायित्व है। 'गुरु वंदन कार्यक्रम' ऐसे ही शिक्षकों के समर्पण, सेवा और संघर्ष को समाज के सामने सम्मानपूर्वक प्रस्तुत करने का सशक्त माध्यम बन रहा है।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मोहम्मद जाकिर, हरिशंकर गुर्जर (प्रदेश सलाहकार), गिर्राज वर्मा (प्रदेश संयुक्त महामंत्री), अब्दुल वसीम (जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष), भुवनेश्वर शर्मा (जिला उपाध्यक्ष), भवानी शंकर महावर (जिला संगठन मंत्री), मोहसिन खान (जिला कोषाध्यक्ष), बबुआ खान (जिला संरक्षक), प्रदीप भारद्वाज (ब्लॉक अध्यक्ष चौथ का बरवाड़ा), ओमप्रकाश मीना (ब्लॉक अध्यक्ष खंडार), पिंकेश बैरागी (ब्लॉक मंत्री), दलेल सिंह राजावत (ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष), जगदीश गुर्जर, अवधेश शर्मा, मानसिंह मीना, ग्यारसी लाल वर्मा, पंकज वर्मा सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कनक वाटिका वार्ड-21 में अधूरी सड़क निर्माण पर फूटा लोगों का गुस्सा, बारिश से पहले कलेक्टर से लगाई गुहार

मुमन पत्रिका@ नईम अख्तर



**सवाई माधोपुर।** हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र स्थित कनक वाटिका वार्ड संख्या-21 के स्थानीय निवासियों ने अधूरी सड़क निर्माण कार्य को लेकर जिला प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। क्षेत्रवासियों ने बरसात से पहले सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि गीता भवन मंदिर के आसपास ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है, लेकिन कथित रूप से एक गली में करीब 200 मीटर सड़क का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अनदेखी के चलते उक्त गली को सड़क निर्माण कार्य से वंचित रखा गया है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

निवासियों का कहना है कि बारिश शुरू होने के बाद गली के दोनों ओर जलभराव की स्थिति बन सकती है, जिससे आमजन के साथ-साथ स्कूल जाने वाले बच्चों को भी आवागमन में दिक्कतें उठानी पड़ेंगी। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी कि समय रहते सड़क निर्माण नहीं कराया गया तो बरसात में हालात और गंभीर हो सकते हैं।

स्थानीय लोगों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि कनक वाटिका वार्ड-21 में गीता भवन मंदिर के पास छोड़ी गई गली में भी शीघ्र सड़क निर्माण कराया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को जलभराव और आवागमन की समस्या से राहत मिल सके।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के प्रयास लाए रंगः मुरलीपुरा के 8 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध और बेहतर बिजली

### लंबे समय से चली आ रही बिजली समस्या का होगा समाधान, 6.94 करोड़ की परियोजना को मिली मंजूरी

मुमन पत्रिका

**जयपुर।** मुरलीपुरा क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं को अब बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं से राहत मिलने जा रही है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के सतत प्रयासों और आमजन की समस्याओं के प्रति उनकी संवेदनशील कार्यशैली का ही परिणाम है कि क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही बिजली आपूर्ति संबंधी मांग अब पूरी होने जा रही है।

मुरलीपुरा क्षेत्र के नागरिक लगातार विद्युत आपूर्ति में आने वाले व्यवधानों और बार-बार होने वाली कटौती की शिकायतें उठाते रहे थे। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जनसुनवाई और विभिन्न माध्यमों से प्राप्त समस्या को गंभीरता से लिया । इसके बाद जयपुर डिस्कॉम ने क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी प्रदान की है।

योजना के तहत लोहा मंडी 33/11 केवी जीएसएस से सन-सिटी 33/11 केवी जीएसएस तक नया 33 केवी अंडरग्राउंड फीडर स्थापित किया जाएगा। साथ ही सन-सिटी सब-स्टेशन की क्षमता भी बढ़ाई जाएगी। यहां नया 8 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा तथा मौजूदा 5 एमवीए ट्रांसफार्मर को भी बढ़ाकर 8 एमवीए किया जाएगा।

करीब 6.94 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस परियोजना का लाभ मुरलीपुरा विद्युत उपखण्ड जी-3 क्षेत्र के लगभग 6500 तथा बड़पीपली क्षेत्र के करीब 1500 उपभोक्ताओं सहित कुल 8 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगा। परियोजना पूर्ण होने के बाद क्षेत्र को अधिक स्थिर, गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी लगातार आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता देकर उनके समाधान के लिए कार्य कर रही हैं। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई और संबंधित विभागों के साथ निरंतर समन्वय का ही परिणाम है कि मुरलीपुरा क्षेत्र की यह वर्षों पुरानी समस्या अब समाधान की ओर बढ़ रही है। स्थानीय नागरिकों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि लंबे समय से क्षेत्र के लोग बेहतर बिजली व्यवस्था की मांग कर रहे थे, जो अब पूरी होने जा रही है। परियोजना को आगामी तीन माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके बाद हजारों उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा।

# टोंक पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, साइबर ठग गिरफ्तार, अवैध बजरी परिवहन पर शिकंजा

मुमन पत्रिका@विनोद सांखला

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देशन में टोंक पुलिस लगातार अपराधियों और अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। जिले में साइबर अपराध और अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया तथा अवैध बजरी परिवहन में प्रयुक्त वाहन जब्त किए हैं।

### साइबर ठगी में बैंक खाता उपलब्ध कराने वाला युवक गिरफ्तार

पुलिस थाना बनेठा में पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव एवं वृत्ताधिकारी उनियारा आकांक्षा कुमारी के सुपरविजन में थाना प्रभारी भगीरथ सिंह के नेतृत्व में साइबर अपराधों की रोकथाम को लेकर कार्रवाई की गई।



पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा

थाना क्षेत्र में बढ़ रहे म्यूल अकाउंट और साइबर फ्रॉड की शिकायतों के आधार पर पुलिस ने सडा निवासी दीपक चौधरी पुत्र रामदयाल चौधरी (22) को पूछताछ के लिए थाने पर तलब किया। जांच में सामने आया कि आरोपी साइबर ठगों से 10 से 20 प्रतिशत कमीशन लेकर अपने बैंक खाते में ठगी की रकम डलवाता था। इसके बाद वह चेक के माध्यम से बैंक से नकदी निकालकर साइबर ठगों तक पहुंचाता था।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के खाते में करीब एक लाख से एक लाख पच्चीस हजार रुपए तक की राशि ट्रांजेक्शन के माध्यम से आई थी। मामले में पुलिस ने आरोपी एवं अन्य साइबर ठगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी के अन्य बैंक खातों, किराये पर लिए गए खातों तथा साइबर गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में गहन जांच कर रही है।



### मेहंदवास थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली किया जब्त

वहीं दूसरी कार्रवाई पुलिस थाना मेहंदवास क्षेत्र में की गई। पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देशानुसार एएसपी रतनलाल भार्गव एवं वृत्ताधिकारी टोंक मृत्युंजय मिश्रा के सुपरविजन में थाना प्रभारी रामसिंह यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम गश्त एवं निगरानी के दौरान क्षेत्र में कार्रवाई कर रही थी।

इस दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध बजरी से भरी हुई परिवहन करते हुए मिली। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब छह टन अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया। हालांकि पुलिस कार्रवाई को देखकर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी हुई है।

### पीपलू थाना पुलिस ने लावारिस वाहन किए जब्त

तीसरी कार्रवाई पुलिस थाना पीपलू क्षेत्र में की गई। पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देशानुसार एएसपी रतनलाल भार्गव एवं वृत्ताधिकारी पीपलू रामअवतार चौधरी के सुपरविजन में थाना प्रभारी राजकुमार बिरला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध बजरी खनन एवं परिवहन रोकथाम अभियान के तहत कार्रवाई की। गश्त के दौरान सहोदरा नदी में क्षतिग्रस्त रपटे के पास तन कुरेडा क्षेत्र में एक मैसी फर्ग्यूसन 241 डीआई ट्रैक्टर मय खाली ट्रॉली तथा एक जॉन डियर लोडर लावारिस अवस्था में खड़े मिले। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। मामले में आगे की जांच जारी है।

## लक्ष्मीपुरा में 6 अवैध जल कनेक्शन हटाए, कार्रवाई जारी

मुमन पत्रिका@ विनोद सांखला

**टोंक।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने ग्राम पंचायत बोसरिया के लक्ष्मीपुरा गांव में मुख्य वितरण पाइप लाइन से जुड़े 6 अवैध जल कनेक्शन हटाए। कार्रवाई अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर सहायक अभियंता धर्मराज मीणा के नेतृत्व में की गई। अधिशाषी अभियंता आकाशदीप सिंह गुर्जर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अवैध कनेक्शनों की पहचान कर उन्हें विभागीय नियमों के तहत हटाया गया। साथ ही संबंधित लोगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी लगाया गया। विभाग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में अवैध कनेक्शन पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद की टोंक जिला इकाई घोषित

### सुरेश बुन्देल जिलाध्यक्ष व हनुमान बादाम जिला महामंत्री मनोनीत

मुमन पत्रिका@ विनोद सांखला

**टोंक।** कोटा में आयोजित अखिल भारतीय साहित्य परिषद के 9वें प्रादेशिक महाधिवेशन में टोंक जिला इकाई की नई कार्यकारिणी घोषित की गई। परिषद की 2025-28 कार्यकारिणी में सुरेश बुन्देल को जिलाध्यक्ष तथा हनुमान बादाम को जिला महामंत्री मनोनीत किया गया है। अजमेर संभाग संयोजक रेखा लोढ़ा 'स्मित' ने बताया कि प्रदेश महामंत्री विष्णु शर्मा 'हरिहर' के निर्देशानुसार नई जिला इकाई का गठन किया गया। कार्यकारिणी में रमेश कुमार चौधरी को संरक्षक, डॉ. नरेश कुमार वर्मा को उपाध्यक्ष, दयाशंकर शर्मा को सह मंत्री तथा नगेन्द्र महावर को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा राजाराम जाट को प्रचार प्रमुख, उमा हाड़ा को बाल साहित्य प्रमुख, हंसराज तंवर को युवा-शोध एवं पाठक प्रमुख तथा किशन लाल जाट को लोक साहित्य प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## बच्चो और महिलाओ को मिली आयरन की शक्ति

मुमन पत्रिका

**सवाई माधोपुर ।** जिले में मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें मौसमी बीमारियों से बचाव, पोषणयुक्त आहार लेने व विभागीय योजनाओं कि जानकारी दे कर किया जागरूक किया गया। इसके साथ ही गर्भ कि पाठशाला विडिओ दिखाकर गर्भवतियों व धात्री माताओ को जागरूक किया जा रहा है। गर्मी मे ताप घात से बचने के उपाय व मछरों को नियंत्रित करने के उपाय भी बताये गये। सीएमएचओ डॉ. अनिल जेमिनी ने बताया कि शक्ति दिवस में बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है। चिकित्सा संस्थानों, आंगनवाड़ी व स्कूलों में ये खुराक दी जाती है शक्ति दिवस के दौरान लाभार्थी से किलकारी कॉल के बारे में चर्चा की गई। इसके द्वारा लाभार्थी महिलाओं को हर सप्ताह कॉल कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी एवं जागरुकता प्रदान करता है जैसे एनीमिया से बचाव, परिवार नियोजन की जानकारी टीकाकरण के लिए प्रेरित करना एवं मातृ स्वास्थ्य के बारे में जागरुक करना।

स्वात्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक फरजाना बानो, अरमान प्रिन्टर्स चौथ का बरवाडा, जिला-सवाई माधोपुर (राज) 322702 से मुद्रित व चौथ का बरवाडा, जिला-सवाई माधोपुर (राज.) 322702 से प्रकाशित, कार्यालय- चतुर्भुज मन्दिर के पास चौथ का बरवाडा जिला सवाई माधोपुर (राज.) 322702 मोबाईल नं. 8209536639